भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 667
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार 08 फरवरी, 2018 को दिया जाना है।

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के कर्मचारी

667. श्री बी. के. हरिप्रसाद:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन आने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) का ब्यौरा क्या है; और

(ख) आज की तारीख में ऐसे पीएसयू में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या तथा इन पीएसयू में विभिन्न पदों पर कार्यरत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों की संख्या कितनी है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क): भारी उद्योग विभाग के अंतर्गत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के 31 उद्यम नामतः एंड्रयू यूल एंड कंपनी लिमिटेड (एवाईसीएल), भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) भारत पंप्स एवं कंप्रेशर्स लिमिटेड (बीपीसीएल), बीएचईएल-इलेक्ट्रिकल मशीन्स लिमिटेड (बीएचईएल-ईएमएल), ब्रेथवेट, बर्न और जेसप कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (बीबीजे), ब्रिज एंड रूफ कंपनी लिमिटेड (बी एंड आर), सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआई), इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड (ईपीआई), एचएमटी इंटरनेशनल लिमिटेड, एचएमटी लिमिटेड, एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड, हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी), हिंदुस्तान केबल्स लिमिटेड (एचसीएल), हिंदुस्तान न्यूज़प्रिंट लिमिटेड (एचएनएल), हिंदुस्तान पेपर कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसी), हिंदुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड (एचपीएफ), हिंदुस्तान साल्ट्स लिमिटेड (एचएसएल), एचएमटी बेयरिंग्स लिमिटेड, एचएमटी चिनार वाचिज लिमिटेड, एचएमटी वाचिज लिमिटेड, हुगली प्रिंटिंग कंपनी लिमिटेड, इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड (आईएल), नेपा लिमिटेड, नगालैंड पल्प एंड पेपर कंपनी लिमिटेड (एनपीपीसी), राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (आरईआईएल), रिचर्डसन एवं क्रुडास लिमिटेड (आर एंड सी), सांभर साल्ट्स लिमिटेड (एसएसएल), स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड (एसआईएल), त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड (टीएसएल), तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीएसपीएल) और टायर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) हैं।

(ख): केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के इन उद्यमों (सीपीएसईज) में विभिन्न पदों पर कर्मचारियों की कुल संख्या 62,639 है, जिसमें से 40,914 कर्मचारी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के हैं।

******